हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 13 दिसंबर 2025
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

तापमान
अधिकतम .0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

4 महानगर की तर्ज पर विकसित होता रायगढ़ शहर स्मार्ट सुविधाओं ...



# जिले में 25 हजार से ज्यादा मतदाता गायब, 19 हजार पाए गए मृत

## बीएलओ की जांच में चौकाने वाले आंकड़े आए सामने, चुनाव आयोग ने बढ़ाई एसआईआर की मियाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में एसआईआर का काम लगभग पूरा हो चुका है। बीएलओ की जांच में चौकाने वाले आंकड़ें सामने आए हैं। नए सर्वे में जिले में 25 हजार से ज्यादा मतदाता गायब हैं, जबकि 19 हजार मतदाता मृत पाए गए हैं। ऐसे में अब चुनाव आयोग ने एक बार फिर से एसआईआर की मियाद बढ़ा दी है।

दरअसल जिले में मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एसआईआर का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। विभागीय आंकड़ों की मानें तो जिले में एसआईआर का कार्य शतप्रतिशत पूरा किया जा चुका है। जिसमें बीएलओ ने तीन-तीन बार मतदाताओं के घर जाकर इन्यूमरेशन फार्म को संग्रहित कर ऑनलाइन प्रविष्टि कर लिया है। इस गहन पुनरीक्षण में कुछ चौकानें वाले आंकडें निकलकर सामनें आए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार एसआईआर के बाद जिले से लगभग 24 हजार से ज्यादा मतदाता गायब हो चुके हैं। वहीं 19 हजार मतदाता ऐसे भी हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। ज्ञात हो कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिले में 20 नवंबर से एसआईआर का कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी 1033 केन्द्रों में एसआईआर को शतप्रतिशत पूरा किया जा चुका है। हालांकि अभी मतदाता सूची को त्रुटिरहित करने का कार्य किया जा रहा है, इसके बाद ही पूरी वोटर लिस्ट फिल्टर होकर सामनें आएगी।

### 90 हजार मतदाताओं के कट सकते हैं नाम

एसआईआर के दौरान सभी केन्द्रों से कई मतदाताओं का कोई भी डाटा बीएलओ को नहीं मिल पाया है। इन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे जा सकते हैं। विभागीय अधिकारियों की मानें तो 89400 मतदाताओं की कोई जानकारी बीएलओ को नही मिल पाई है, फिलहाल अभी प्रक्रिया के समाप्त होने तक इन लोगों के पास अपनी जानकारी देने का समय है, तब तक अगर जानकारी नहीं मिलती है तो उनके नाम मतदाता सूची से काटे जा सकते हैं।

### विभाग के लिए बना सिरदर्द

विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले से 24 हजार 385 मतदाता ऐसे भी हैं जो अपने पते पर मिले ही नहीं। यह आंकडा अब विभाग के लिए सिरदर्द बन गया है। इतनी बड़ी संख्या में मतदाता गए तो गए कहां ? अब विभाग के सामने यह प्रश्न उठ रहा है कि क्या यह सारे किसी अन्य जगह से आकर तो निवासरत नहीं थे और वोटर आईडी धारक थे। वहीं एसआईआर सर्वे में 18 हजार 900 मतदाता मृत पाए गए हैं। मृत मतदाताओं की सबसे ज्यादा संख्या रायगढ़ में 5860 और धरमजयगढ़ में 5260 है।

### एसआईआर विधानसभावार डाटा

| विस | वोटर | मृत | अबसेंट | शिफ्टेड | डुप्लीकेट | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लैलूंगा | 2,09,961 | 4190 | 2830 | 9150 | 580 | 165 |
| रायगढ | 2,67,099 | 5860 | 18425 | 16500 | 1320 | 295 |
| खरसिया | 2,20,029 | 3590 | 1790 | 10685 | 595 | 55 |
| धरमजयगढ | 2,17,580 | 5260 | 1340 | 6190 | 562 | 35 |
| कुल संख्या | 9,14,669 | 18,900 | 24,385 | 42,525 | 3037 | 550 |

## खबर संक्षेप

### नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने थानाक्षेत्र से लापता हुई किशोर बालिका को ओडिशा से सकुशल दस्तयाब करते हुए उसे बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। दरअसल 25 नवंबर को बालिका की मां ने थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी बेटी 24 नवंबर की शाम से लापता है और किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे अपने साथ ले जाया गया है। रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि बालिका आदित्य दुबे नामक युवक के संपर्क में थी, जो घटना के बाद अपने कार्यस्थल से गायब हो गया था और उसका मोबाइल फोन भी बंद मिला। पुलिस ने तकनीकी और मानव स्त्रोतों की मदद से आरोपी की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी। इसी दौरान उसके देवगढ़ ओडिशा में छिपे होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम देवगढ़ रवाना हुई और आरोपी को पकड़ लिया। उसके कब्जे से नाबालिग बालिका को भी सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि आरोपी ने उसे शादी का प्रलोभन देकर मोटरसाइकिल से अपने साथ भगा ले गया था। बालिका का महिला उप निरीक्षक से कथन दर्ज कराया गया और उसका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### एसडीओपी ने साइबर अपराध पर दी जानकारी

**रायगढ़।** खरसिया क्षेत्र के ग्राम फरकानारा में शुक्रवार को महात्मा गांधी महाविद्यालय खरसिया में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया प्रभात पटेल ने छात्र-छात्राओं को आधुनिक समय में बढ़ते अपराधों और उनसे बचाव के उपायों पर व्यापक जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान उन्होंने बालकों के अधिकारों और पॉक्सो एक्ट के कानूनी प्रावधानों को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि बच्चों से जुड़े अपराधों में त्वरित रिपोर्टिंग और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने साइबर ठगी के बदलते स्वरूप, सोशल मीडिया पर होने वाले दुरुपयोग, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, ओटीपी और लिंक आधारित ठगी जैसे मामलों की रोकथाम के लिए युवाओं को जागरूक और सतर्क रहने की सलाह दी। एसडीओपी ने उदाहरणों के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि डिजिटल प्लेटफार्म पर छोटी सी चूक भी गंभीर अपराधों का कारण बन सकती हैए इसलिए हर छात्र को व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षकगण, चौकी प्रभारी जोबी सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर तथा जोबी पुलिस स्टाफ मौजूद रहे। छात्रों ने पुलिस अधिकारियों से सवाल पूछकर सक्रिय भागीदारी दर्ज की और जागरूकता को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प व्यक्त किया।

### 10 माह बीत जाने के बाद भी अब तक नहीं मिली 15वें वित्त की राशि

# ग्राम पंचायतों के हाथ खाली, कैसे होगा गांवों का विकास, मूलभूत सुविधाओं को तरसते ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

10 माह बीत जाने के बाद भी 15वें वित्त की राशि नहीं मिलने से ग्राम पंचायतों के हाथ खाली हैं। जिससे गावों में विकास तो दूर मूलभूत सुविधाओं के लिए भी ग्रामीणों को तरसना पड़ रहा है। इस मामले में सरपंच खुद को बेबस बता रहे हैं और शासन-प्रशासन से राशि दिलाने के लिए गुहार लगा रहे हैं।

दरअसल गांवों के सरपंच जिनके कंधे पर गांव के विकास की जिम्मेदारी है आज वो ही खुद परेशान हैं। इन्हें सरपंच का पद तो मिला है लेकिन वह राशि नहीं मिली जिनसे ये गांव का विकास कर सके। आलम यह है कि गांव की गलियां, सड़कें, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही हैं। ग्राम पंचायतों में नए पंचायत चुनाव के बाद भी अब तक एक बार भी मूलभूत सुविधाओं में खर्च किए जाने वाले आवश्यक मद की राशि नहीं भेजी गई है। जिसकी वजह से ग्राम पंचायतों में कई कार्य अवरूध्द हो रहे हैं। 15वें वित्त की राशि जारी करनें के लिए सरपंच संघ कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंप चुका है, इसके बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। सरपंचो नें बताया कि गांव में मूलभूत जरूरतों को पूरा करनें के लिए भी उनके पास कोई फंड नहीं है आखिर ऐसे में कैसे गांव का विकास हो पाएगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद सभी जिलों को निर्देश जारी किया है कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों को 15 दिनों के भीतर मुक्तिधाम में सफाई, रोशनी, पानी, शौचालय और बाउंड्रीवाल जैसी मूलभूत सुविधांए दुरूस्त करनी होंगी, लेकिन सरपंचों में इस बात को लेकर हैरानी है कि जब पंचायतों में पैसे ही नहीं है तो 15 दिनों के भीतर ये सारे काम कैसे पूरे होंगे।





### थम गया है गांवों का विकास

पंचायत संघ की सचिव अनिता ने बताया कि पंचायतों का अपना राजस्व बहुत कम होता है, और इन्हें केन्द्र तथा राज्य सरकार से मिलने वाले अनुदान पर निर्भर रहना पडता है। इस कारण 15वें वित्त की राशि नहीं मिलने से ग्राम का विकास थम गया है और योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। पंचायत सचिव के मुताबिक पंचायतों में छोटे-मोटे कार्य कराने में भी परेशानियां आ रही हैं। कई सरपंच कर्ज लेकर ग्राम पंचायत की विकास कार्य में खर्च कर रहे हैं।

### जनप्रतिनिधि खुद को बता रहे हैं बेबस

ग्रामीण नवनिर्वाचित सरपंचों एवं पंचायतों के पदाधिकारियों से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि वो जल्द ही गांव के मूलभूत समस्याओं का समाधान करेंगे, लेकिन बजट के अभाव में काम नहीं होने से अब ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। कई क्षेत्रों में तो ग्रामीणों एवं सरपंचों के बीच कई बार विवाद की स्थिती भी बन रही है।

### राशि जल्द आने की उम्मीद

15वें वित्त की राशि अभी केन्द्र से ही प्राप्त नहीं हुई है। यह राशि पहले केन्द्र सरकार के द्वारा राज्य सरकार के पास भेजी जाती है, इसके बाद ग्राम पंचायतों में वितरित की जाती है। पंचायतों की मांग पर शासन को पत्र लिखा गया है, राशि के जल्द ही आने की उम्मीद है।

**अभिजीत पठारे**, सीईओ, जिला पंचायत



ग्रामीणों पर जहर देकर मारने का आरोप

# तामड़ा वन क्षेत्र में मादा तेंदुआ की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

राउरकेला पुलिस जिला के तामड़ा वन क्षेत्र के कुसुमडिही व खेसारा जंगल में एक मादा तेंदुआ बाघिन शुक्रवार की सुबह मृत पाई गई, जिसकी अनुमानित उम्र 12 वर्ष बताई जा रही है। वन विभाग ने प्रारंभिक जांच में इसकी मौत का कारण विषाक्त भोजन से होने की आशंका जताई है और ग्रामीणों द्वारा योजना बना कर यह कार्य किये जाने की चर्चा है। बीते कुछ दिनों से यह बाघिन आसपास के गांवों में आतंक का कारण बनी हुई थी। गुरुवार को उसने एक बछड़े पर हमला कर उसे मार डाला था। बछड़े की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने बछ्ड़े के शव के कटे हुए हिस्से मे जहर मिला दिया था। आशंका है कि उसी जहरीले शव को खाने के बाद बाघिन की भी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों ने पहले भी कई बार वन विभाग को बाघिन की मौजूदगी और बढ़ते खतरे की जानकारी दी थी, लेकिन विभाग की ओर से केवल ट्रैप कैमरा लगाने का आश्वासन दिया गया और मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह राउरकेला आरसीसीएफ की उपस्थिति में एक विशेष जांच टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। बणाई डीएफओ ललित पात्र ने कहा कि विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# छातामुड़ा चौक पर 25 टन अवैध कबाड़ से भरा ट्रक पकड़ा गया, चालक गिरफ्तार

### जूटमिल थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने वाहन को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीती रात जूटमिल पुलिस ने ओडिशा से रायगढ़ की ओर आ रहे डाला बॉडी ट्रक को छातामुड़ा चौक के पास घेराबंदी कर पकड़ लिया। मुखबिर से सूचना मिली थी कि हरे इंजन और कत्थई रंग की बॉडी वाले ट्रक में बड़ी मात्रा में लोहे के विभिन्न पाटर्स सहित अवैध कबाड़ लोड कर रायगढ़ लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर छातामुड़ा चौक पर सघन वाहन जांच करते हुए रात करीब 2 बजे मुखबिर के बताए हुलिए से मेल खाता ट्रक ओडिशा की ओर से आती दिखाई दी। पुलिस ने वाहन को रोककर पूछताछ की तो चालक ने अपना नाम दिलीप कुमार यादव, निवासी मिल्की सिकरिया थाना जहानाबाद बिहार बताया। गवाहों के समक्ष वाहन की तलाशी लेने पर ट्रक के डाला में बड़े पैमाने पर लोहे के पाट्र्स और कबाड़ भरा मिला। कबाड़ के संबंध में पूछे जाने पर चालक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और न ही वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर सका। अवैध परिवहन और चोरी के माल की आशंका के चलते पुलिस ने ट्रक को धर्मकांटा ले जाकर तौल कराया, जिसमें वाहन और कबाड़ का कुल वजन 34980 किलोग्राम पाया गया। वाहन का वजन 9,450 किलोग्राम तथा कबाड़ का कुल वजन 25,530 किलोग्राम दर्ज हुआ। बरामद कबाड़ और ट्रक की कुल अनुमानित कीमत लगभग 28 लाख रुपए है। प्रकरण में ट्रक चालक दिलीप कुमार यादव के खिलाफ थाना जूटमिल में कार्रवाई की गई है।



### बाजार परिसर में अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर पुलिस ने शुक्रवार को पुसौर बाजार परिसर में अवैध शराब बिक्री पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाजार परिसर में एक युवक अवैध महुआ शराब रखकर ग्राहकों की तलाश कर रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। घटना स्थल से एक युवक को अवैध महुआ शराब के साथ पकड़ा गया, जिसकी पहचान जीवा भारद्वाज पिता स्व. सनत भारद्वाज 22 वर्ष निवासी सूपा थाना पुसौर के रूप में हुई। उसके कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया।

# ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा, नीचे दबे 7 लोग, दो की हालत गंभीर



**रायगढ़।** शहर के ढिमरापुर क्षेत्र में शुक्रवार को बालू से भरी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में 7 मजदूर वाहन के नीचे दब गए, जिनमें से दो को गंभीर रूप से चोट आई है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा बाइक चालक को बचाने के चक्कर में हुआ है। घायलों को इलाज के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ढिमरापुर क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे बालू से भरी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुल से नीचे पलट गई। बताया जा रहा है कि सामने से आ रहे बाइक चालक को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया। इस दुर्घटना में वाहन में बैठे 7 मजदूर फेंका कर वाहन के नीचे दब गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दो मजदूरों को गंभीर चोट आई है, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

### धान की फसल और सब्जियों को भी पहुंचाया नुकसान

# हाथियों ने ग्रामीणों के मकान को तोड़ कर किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में हाथियों ने ग्रामीणों के मकान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं गोभी, टमाटर और धान की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। घटना ग्राम बांधपारा पाराघाटी की है। हाथियों की मौजूदगी सूचना मिलते ही हाथी मित्र दल व वनकर्मी मौके पर पहुंचे और हाथियों को जंगल की ओर भगाने का प्रयास किया। जहां काफी देर के बाद हाथियों का दल वापस जंगल की ओर चले गया।

धरमजयगढ़ और रायगढ़ वन मंडल में हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। जो खाने की तलाश में रात को जंगल से निकलकर गांव के करीब तक पहुंच रहे हैं। धरमजयगढ़ वन मंडल में 37 हाथी अलग-अलग दल में विचरण कर रहे है। जिसमें कापू रेंज के लिप्ती बीट में सबसे ज्यादा 20 हाथियों का दल मौजूद है। हाथियों के इस दल ने बीती रात को बांधपारा पाराघाटी में दिलीप व यदुमणी यादव के मकान को क्षतिग्रस्त करते हुए घर में रखे तीन बोरियों से अधिक धान और मक्के को खाया है। साथ ही साथ पखनाकोट में हाथियों के दल ने वहां लगे गोभी, टमाटर के फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है।



### नुकसानी का किया जा रहा आंकलन

रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा रेंज के छर्राटांगर में भी हाथियों ने धान फसल और मकान को नुकसान पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि 2 हाथी चारमार की ओर से छर्राटांगर में पहुंचे। यहां 1 मकान और धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों को जंगल की ओर भगाया। वहीं सभी मामले में विभागीय कर्मचारियों ने नुकसान के आंकलन की बात कही है।

### जिले में 84 हाथियों की मौजूदगी

जिले के रायगढ़ वन मंडल और धरमजयगढ़ वन मंडल में 84 हाथियों की मौजूदगी है। जिसमें रायगढ़ में 47 और धरमजयगढ़ वन मंडल में 37 हाथी हैं। इसमें 31 नर, 33 मादा व 20 शावक शामिल हैं। हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए सभी प्रभावित क्षेत्रों में वन अमला द्वारा मुनादी कराई गई है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 23 को

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में चलाये जा रहे निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसम्बर 2025 एवं 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम सिरिमकेला निवासी स्व. अतुल कुमार नायक का कुआं के पानी में डूबने से 17 फरवरी 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके माता पिंकी नायक हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 600 बोरा अवैध धान लोड ट्रक को अधिकारियों ने किया जब्त

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी राज्यों से कोचियों के अवैध धान की आवक रोकने प्रशासन द्वारा जगह-जगह जांच चौकी बनाई गई है साथ ही प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार विभिन्न क्षेत्रों में चौकसी कर रही है। इन सबके बावजूद कोचिए लगातार अवैध धान का परिवहन कर रहे हैं। गुरूवार को सुबह राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने वाड्रफनगर में 600 बोरी अवैध धान लोड एक ट्रक को जब्त किया है। सुबह यूपी से धान परिवहन कर रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजे 7293 को रोककर अधिकारियों ने चालक से पूछताछ की तथा धान के संबंध में दस्तावेज मांगा। धान से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण टीम ने ट्रक जब्त कर वाड्रफनगर पुलिस के सुपुर्द किया है।

### शादी का दबाव बना रही थी युवती इसलिए कर दी हत्या

**अम्बिकापुर।** प्रेमिका द्वारा शादी का दबाव बनाने से नाराज युवक ने अपनी मां के साथ मिलकर युवती की हत्या कर दी। आरोपियों ने लाश को जंगल में छोड़ दिया और फरार हो गए। रामचंद्रपुर पुलिस ने युवती की हत्या के मामले में मां-बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के सनावल क्षेत्र में रहने वाली युवती रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। युवती रात के समय घर से बिना बताए निकली थी और फिर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी जब युवती का पता नहीं चला तो उसके भाई ने 8 दिसंबर को सनावल थाना में मामले की सूचना दी थी। ऐसे में सनावल पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर युवती की तलाश की जा रही थी। इस दौरान 9 दिसम्बर को रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिलाजु चना महुआ जंगल में एक अज्ञात महिला की लाश मिली थी। ग्रामीणों की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतिका की पहचान गुमशुदा के रूप में की गई थी जिसके बाद रामचंद्रपुर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम सिलाजु में रहने वाले मृतिका के प्रेमी रविन्द्र गोंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके और मृतिका के बीच प्रेम प्रसंग था और लगातार मृतिका उससे शादी का दबाव बना रही थी जिससे नाराज होकर उसने युवती के हत्या की योजना बनाई। घटना दिवस को आरोपी अपनी मां के साथ मृतिका के गांव पहुंचा और किसी बहाने से उसे लेकर निकल गया। रात के समय वापस घर छोड़ने जाने के बहाने सिलाजू जंगल में गमछा से आरोपी ने मृतिका एक गले को दबाकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रामचंद्रपुर के ग्राम सिलाजु निवासी रविन्द्र कुमार गोंड आ. रामनाथ गोंड व 45 वर्षीया हेमंत पति देवनाथ उर्फ रामनाथ गोंड को बीएनएस की धारा 103(1), 238, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## प्रदेश भर से आए 141 खिलाड़ी बिखेरेंगे प्रतिभा का चमक

# 24 वीं योनेक्स सनराइज स्टेट सीनियर बैडमिंटन चौम्पियनशिप का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत 24 वीं योनेक्स सनराइज स्टेट सीनियर बैडमिंटन चौम्पियनशिप का आज आगाज हो गया। 16 दिसबंर तक रणजीता स्टेडियम के पास स्थित बैडमिंटन इनडोर स्टेडियम में चलने वाले इस टूर्नामेंट में प्रदेश भर से आए 141 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का चमक बिखेरेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जशपुर नगरपालिका के अध्यक्ष अरविंद भगत सहित अन्य अतिथियों ने सरस्वती, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर आयोजित हो रही है प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से जिले में हो रहे राज्य स्तरीय स्पर्धाओं से जशपुर की एक अलग पहचान बन रही है। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के कौशल व अनुभवों का लाभ यहां के खिलाड़ियों को भी मिल रहा है। शुभारंभ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष जशपुर गंगाराम राम भगत और नगर पालिका जशपुर के उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव मौजूद थे। इसके साथ ही कलेक्टर रोहित व्यास, वनमंडलाधिकारी शशि कुमार, सहायक कलेक्टर अनीकेत अशोक, एसडीएम विश्वास राम मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा एवं हरिओम द्विवेदी, नेशनल एम्पायर एवं छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एशोसिएशन के मुख्य रेफरी प्रताप भट्टाचार्य, जशपुर बैडमिंटर एशोसिएशन के सचिव विनोद सोनी सहित कोच, खिलाड़ी और खेलप्रेमी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अरविंद भगत ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी किया। साथ ही प्रशासन को बेहतर आयोजन के लिए सराहना भी की। उन्होंने कहा कि जिले में हो रहे राज्य स्तरीय आयोजनों से यहां की खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। मुख्यमंत्री विषणुदेव साय का प्रयास है कि जशपुर सभी क्षेत्र में तेजी से विकास करें। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर मिले, इन्हीं कोशिशो के तहत जिले में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए जा रहे हैं। जशपुर के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन किया है।

### सामने आएगी प्रतिभाएं

नगर पालिका उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि खेल में उनकी विशेष रूचि है, वे स्वंय तैराकी, बास्केट बॉल और टेनिश की स्पर्धाओं में भाग ले चुके हैं। एसे आयोजनों से निश्चिंत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी उभर के सामने आएंगे। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि राज्य स्तर के उत्कृष्ट खिलाड़ी यहां पर आए और इन खिलाड़ियों को देखकर जिले के खिलाड़ी भी अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में खेल अधोसरंचनाओं को तेजी से विकास करने के साथ ही खिलाड़ियों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। खेल के विकास के लिए सन्ना में 20 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी, कुनकुरी में 63 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत के इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण एवं जशपुर में फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। बगीचा में 2.83 करोड़ लागत के स्वीकृत हुए आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम एवं जशपुर में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के पास 3.50 करोड़ लागत के बास्केट बाल कोर्ट का निर्माण कार्य जारी है। साथ ही अन्य स्टेडियमों और खेल मैदानों का निर्माण कार्य किया जाएगा।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए होंगे क्वालिफाई

प्रतियोगिता में कुल 141 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। पुरुष एकल वर्ग में मुख्य ड्रॉ हेतु 17 खिलाड़ी तथा क्वालिफाइंग राउंड हेतु 62 खिलाड़ी पंजीकृत हुए हैं। पुरुष युगल में मुख्य ड्रॉ में 2 टीमें तथा क्वालिफाइंग में 32 टीमें भाग लेंगी। महिला एकल में मुख्य ड्रॉ हेतु 9 खिलाड़ी तथा क्वालिफाइंग हेतु 4 खिलाड़ी शामिल होंगी। महिला युगल वर्ग में मुख्य ड्रॉ में कोई टीम नहीं, जबकि क्वालिफाइंग में 4 टीमें पंजीकृत हैं। मिक्स्ड डबल्स वर्ग में मुख्य ड्रॉ के लिए 2 टीमें तथा क्वालिफाइंग में 9 टीमें पंजीकृत हुई हैं। जशपुर जिले के 23 खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता कुल पांच राउंड में आयोजित होगी, जिसमें पुरुष सिंगल एवं डबल्स, महिला सिंगल एवं डबल्स तथा मिक्स्ड डबल्स मुकाबले खेले जाएंगे। पहले दो दिन क्वालिफाइंग राउंड, जबकि शेष तीन दिन मुख्य राउंड की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## ओपी चौधरी ने किया माली भवन का उद्‍घाटन, समाज को मिलेगा नई पहचान



**झलमला।** रायगढ़ जिले के पुसौर विकास खंड के अन्तर्गत आने वाले ग्राम झलमला में स्थानीय फुल माली समाज के लोग निवास करते हैं और उनकी पारम्परिक खेती फुल और साग भाजी उगाना वही झलमला में माली समाज लोग बहुताय होने से समाज में बैठक व्यवस्था व सांस्कृतिक कार्यक्रम गतिविधियों के लिए एक सामाजिक भवन की आवश्यकता थी और जमीन माली समाज के एक परिवार द्वारा ने दान में दिए गए हैं, जहां नव निर्मित माली भजन का लोकार्पण रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के हाथों से किया गया वही ओपी चौधरी का भव्य स्वागत के साथ उन्हें विभिन्न प्रकार के सब्जी भाजियो से तौला गया काफी संख्या में माली समाज उच्च पदाधिकारियों सदस्यों एवं महिलाओं की उपस्थित रही।

# हाथी ने महिला को कुचल कर मारा

**राउरकेला।** राउरकेला वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत लाठीकटा रेंज स्थित सुयूड़िहि ग्राम पंचायत के करल्लाखनमन गांव के पास शुक्रवार की सुबह झुंड से बिछड़े हाथी के हमले में जस्मिता गुड़िया 51 नामक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि इसी हाथी के हमले में गुरूवार को सुईडीह पुल के निकट एक व्यक्ति की जान गई थी, जबकि पिछले महीने की 16 तारीख को भी यह हाथी एक ग्रामीण की जान ले चुका है।

- लाठीकटा में झूंड से बिछड़े हाथी का आतंक

पिछले एक माह से सुयूड़िहि, करल्लाखमन, हाथीबांधा, मनको समेत आसपास के गांवों में यह हाथी आतंक मचाए हुए है। लोगों की एक.एक एकड़ फसलें नष्ट होने के साथ-साथ लगातार जानें जाने से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीण लंबे समय से हाथी को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग कर रहे थे, लेकिन वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त था। शुक्रवार की घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मृत जस्मिता का शव लाठीकटा करल्लाखमन सड़क पर रखकर जाम कर दिया। सरपंच अरुणा किसान के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। सूचना मिलते ही वन विभाग अधिकारी एवं पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। आखिरकार वन विभाग ने मृतक परिवार को 10 लाख रुपए का मुआवजा देने का लिखित आश्वासन दिया तथा अंतिम संस्कार के लिए 20 हजार रुपए की तत्काल सहायता भी प्रदान की। इसके साथ ही आतंक मचा रहे हाथी को ट्रेंकुलाइज कर सुरक्षित स्थानांतरण का लिखित वादा किया गया। लिखित आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण शांत हुए और शव को सड़क से हटाया गया, जिससे आवागमन बहाल हुआ। शुक्रवार के इस आंदोलन में भाजपा नेता अमरेंद्रनाथ शर्मा, उमेश नाग, बासु सरघरिया, लाठीकट्टा ब्लॉक उपाध्यक्ष बसंती ओराम सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीण अब वन विभाग से जल्द कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं, ताकि हाथी का आतंक समाप्त हो सके और क्षेत्र में सामान्य स्थिति लौट आए।

## युवक पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल कांस्टेबल को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

सुलह समझौते के बहाने थाने बुलाए गए युवक पर कथित थर्ड डिग्री टॉर्चर का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। रघुनाथपाली थाना में हुए इस विवाद में एसपी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए आरोपी कांस्टेबल राजेश बाग को निलंबित कर दिया है। वहीं थर्ड डिग्री के शिकार युवक की पहचान कांसबाहल निवासी अभिषेक लाकरा के रूप में हुई है। कानून के रक्षक द्वारा कानून की अनदेखी कर बदले की भावना से अत्याचार करने की यह घटना अब जनता के बीच चर्चा का मुख्य विषय बन चुकी है। सूत्रों के अनुसार निलंबन की कार्रवाई के बावजूद कई स्थानीय लोग और सामाजिक संगठनों ने आरोपी कांस्टेबल की गिरफ्तारी की मांग उठाई है। पुलिस विभाग की प्रतिष्ठा पर उठ रहे सवालों के बीच एसपी ने निलंबन को डैमेज कंट्रोल की पहल बताया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह तक अभिषेक लाकरा व उसके साथी विपिन को ब्राह्मणी तरंग थाना पुलिस की कस्टडी में रखा गया। सुबह करीब 11 बजे शिकायतकर्ता राकेश बाग की एफआईआर के आधार पर दोनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेजे जाने की सूचना मिली है। अभिषेक के मेडिकल परीक्षण को सरकारी अस्पताल में कराने के बजाय निजी अस्पताल में कराने का निर्णय भी विवादों में है। इससे पुलिस की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दूसरी ओर अभिषेक के परिवार की शिकायत पर सस्पेंड कांस्टेबल राजेश बाग के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने की भी पुष्टि हुई है। पड़ताल में सामने आया कि बुधवार सुबह अभिषेक अपने दोस्त विपिन लाकरा के साथ वेदव्यास जा रहा था। इसी दौरान उनकी गाड़ी की टक्कर राकेश बाग की गाड़ी से हो गई। कहा जा रहा है कि जब राकेश ने उन्हें टोका, तो अभिषेक ने राकेश पर हमला कर दिया। यह घटना टीसीआई निकट अड्डा 51 रेस्टोरेंट के सामने की है जो सीसीटीवी में भी कैद हुई है। राकेश की शिकायत पर ब्राह्मणी तरंग थाने में अभिषेक और विपिन के खिलाफ हमला व मोबाइल छीनने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने विपिन को तत्काल गिरफ्तार कर लिया, जबकि अभिषेक फरार हो गया था। गुरुवार सुबह पुलिस ने अभिषेक को सुलह के बहाने बुलाया। मामला ब्राह्मणी तरंग थाना क्षेत्र का होते हुए भी अभिषेक को रघुनाथपाली थाना लाया गया, क्योंकि शिकायतकर्ता राकेश का भाई राजेश बाग वहीं पदस्थ है। इसी थाने में एक पूर्व सरपंच की मौजूदगी में अभिषेक पर कथित रूप से लाठियां बरसाई गईं। घटना फैलते ही इलाके में आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना के बाद अभिषेक को ब्राह्मणी तरंग थाना में स्थानांतरित कर दिया गया। वहीं भाजपा और कांग्रेस नेताओं के हस्तक्षेप से यह मामला अब राजनीतिक रंग लेने लगा है। स्थानीय लोगों की निगाहें अब आगे होने वाली पुलिस कार्रवाई पर टिकी हैं, क्या सिर्फ निलंबन से बात खत्म होगी या आरोपी कांस्टेबल की गिरफ्तारी भी होगी।

# नगर क्षेत्र सहित 15 गांवों की 2 लाख की आबादी एक आरएमओ के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा



जिले के कोतबा के कारगिल चौक के समीप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर सुनहरे अक्षरों में लिखा आयुष्मान आरोग्य मंदिर और आरोग्यं परमं धनम का नारा इन दिनों मुंह चिढ़ाता नजर आ रहा है। अंदर के हालात देखकर यह सवाल खड़ा होता है कि ₹डॉक्टर के बिना जब अस्पताल खुद बीमार है, तो मरीजों का इलाज कौन करेगा? करीब डेढ़ से दो लाख की आबादी को स्वास्थ्य सुरक्षा देने वाला यह अस्पताल प्रशासनिक उपेक्षा के चलते खुद 'वेंटिलेटर' पर है।

- आयुष्मान आरोग्य मंदिर बना शो-पीस

कोतबा नगर पंचायत क्षेत्र का एकमात्र अस्पताल में स्वास्थ सुविधाओं का टोटा हो गया है। यहाँ अस्पताल में न डॉक्टर है, न स्टाफ है, नर्सों के भरोसे प्रसव हो रहे है। जरूरतमंद मरीज बाहरी झोलाछाप के भरोसे इलाज करवा रहे है। कोतबा एक प्रमुख नगर और शहरी क्षेत्र माना जाता है। जो 15 से 20 गांवो का केन्द्र है। यहां स्वास्थ्य व्यवस्था की यह दुर्दशा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। यहां डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी के चलते मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है, और गरीब ग्रामीणों को मजबूरन निजी अस्पतालों या दूसरे जिलों में जाकर महंगा इलाज कराना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सड़क किनारे बसे और सुगम पहुंच वाले कोतबा जैसे शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का यह हाल है, तो अंदरूनी और सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग का क्या हाल होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। आलम यह है को एक आरएमओ डॉक्टर के कंधों पर 15 पंचायतों का भार डाल दिया गया है। फरसाबहार ब्लॉक के डोंगादरहा, हाथीबेड, छर्रा, जोरनड्डा और झरिया समेत 15 ग्राम पंचायतों के लाखों लोग इसी अस्पताल पर निर्भर हैं। विडंबना यह है कि यह पूरा सिस्टम फिलहाल अकेले आरएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार चंद्रा के कंधों पर है। प्रभारी डॉक्टर डेढ़ महीने से एजुकेशनल लिव ले कर ट्रेनिंग पर हैं और दूसरे एमबीबीएस डॉक्टर का बॉन्ड पूरा हो चुका है।

### पोस्टमार्टम और एमएलसी के लिए भटक रहे परिजन

एमबीबीएस विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव का सबसे भयावह असर प्रसव (डिलीवरी) सेवाओं पर पड़ रहा है। अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रसव नर्सों के भरोसे कराया जा रहा है। स्थिति यह है कि यदि नवजात शिशु को कोई संक्रमण हो या प्रसूता को कोई जटिलता आए, तो उसे तत्काल रेफर कर दिया जाता है। समय पर सही इलाज न मिलने से जच्चा-बच्चा दोनों की जान पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है।वही चिकित्सक के आभाव में पोस्टमार्टम के लिए भी परिजनो को भटकने की मजबूरी बन गई है। इलाज तो दूर, यहां बदहाली का आलम यह है कि मरने के बाद भी परिजनों को चैन नहीं है। डॉक्टर न होने के कारण पोस्टमार्टम और मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) जैसी अति-आवश्यक सेवाएं ठप पड़ी हैं। शव परीक्षण के लिए शोकाकुल परिजनों को 50 किलोमीटर दूर ब्लॉक मुख्यालय पत्थलगांव या अन्य दूरदराज के इलाकों में भटकना पड़ता है, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।

### जल्द होगा समस्या का समाधान

मामले की जानकारी है और इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य स्तर से एक डॉक्टर की पदस्थापना होनी थी, लेकिन उसमें क्या अड़चन आई, इसकी जानकारी ले रहा हूं। मैं जिला स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर जल्द समाधान निकालने का प्रयास करूंगा।

**-जे. मिंज,** बीएमओ, पत्थलगांव

# बंदरचुंवा से जशपुर तक अब आसान होगी यात्रा

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अब जिले को मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का लाभ मिलने जा रही है।

इस योजना के तहत बंदरचुंवा से सिंगीबहार होते हुए जशपुर तक चलने वाली बस सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस नई बस सुविधा से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जशपुर जिला मुख्यालय तक आने-जाने में सुगमता मिलेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार व दैनिक आवागमन के लिए यह बस सेवा ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य हीरामती पैंकरा, जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जनपद सदस्य अटल बिहारी साय, दोकड़ा रवि यादव, उपेंद्र नाथ साय, बंदरचुंवा के सरपंच विकास कुमार साय, जीवनन्दन साय, कल्याण प्रसाद गुप्ता, पीतांबर साय, बेलसाजर एक्का, प्रेम साय, बालकिशन राम, चंदन साय, महेश राम, ललित साय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।नई बस सेवा के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है।

## ग्रामीणों को करना पड़ रहा कठिनाइयों का सामना

# आजादी के 70 साल बाद भी ईचकेला पंचायत में नहीं बना एक भी मुक्तिधाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



आजादी के 70 वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी जशपुर जिला मुख्यालय से महज़ 12 किलोमीटर दूर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत ईचकेला आज भी एक मुक्तिधाम से वंचित है। पंचायत में रजौटी, जामटोली, घोड़ा टोली, सरना टोली और चार टोली सहित कुल मिलाकर 5000 से अधिक की आबादी रहती है, लेकिन अंतिम संस्कार के लिए आज भी ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मुक्तिधाम न होने के कारण ग्रामीण रजौटी चार टोली के पास खुले मैदान में अंतिम संस्कार करते हैं। बारिश के दिनों में हालात और भी भयानक हो जाते हैं रास्ता कीचड़ से भर जाता है, शव को ले जाना मुश्किल हो जाता है। गीली लकड़ियों के कारण लाशें अधजली रह जाती हैं, कई बार शव पूरी तरह जल नहीं पाते। मजबूरी में परिवार को अधजला शव दफनाना पड़ता है।परिजनों के लिए यह स्थिति अत्यंत दुखद और अपमानजनक होती है। अंतिम विदाई भी सम्मान के साथ न मिल पाना ग्रामीणों के लिए बड़ा दर्द बन गया है।

### पक्का रास्ता और पुलिया भी नहीं

शमशान तक जाने के लिए न पुलिया है, न पक्की सड़क। अंतिम यात्रा अक्सर कीचड़ में फंस जाती है। ग्रामीणों का कहना है मरने के बाद भी सम्मान नहीं मिल रहा, यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।

### पूर्व सरपंचों ने भी अधूरा छोड़ा निर्माण

करीब दस साल पहले मुक्तिधाम निर्माण की शुरुआत की गई थी। दो स्थानों पर नींव और खंभे तो खड़े कर दिए गए, पर काम अधूरा छोड़ दिया गया। बाद में किसी भी सरपंच ने इसे पूरा कराने का साहस नहीं दिखाया।

### मंदिरों में पूजन-अर्चन कर रहे ग्रामीण

लगातार परेशानियों के बाद ग्रामीण अब सामूहिक रूप से मंदिरों में पूजा-पाठ कर रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द मुक्तिधाम निर्माण का रास्ता खुले। जशपुर जनपद सीईओ लोकहित भगत ने आश्वासन दिया था, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

# महिला से अनाचार का फरार आरोपी रांची से पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



शादी का झांसा देकर महिला से अनाचार करने वाले आरोपी नागेंद्र उरांव को जशपुर पुलिस ने रांची झारखंड से गिरफ्तार कर लिया। महीनों से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस टीम ने उसके घर की घेराबंदी कर पकड़ा और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। थाना सन्ना में उसके खिलाफ धारा 376 भादवि और धारा 69 बीएनएस के तहत केस दर्ज है।

थाना सन्ना क्षेत्र की 35 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि वह जशपुर के बालक आश्रम में स्वीपर के तौर पर काम करती है। वर्ष 2023 में उसकी दीदी सेप शॉप नाम की कंपनी से जुड़ी थी। उसी संदर्भ में प्रार्थिया की बातचीत आरोपी नागेंद्र से कराई गई, जो कंपनी में डायमंड रैंक पर काम करता था। यहीं से दोनों के बीच संपर्क बढ़ा। आरोपी कंपनी के प्रोडक्ट बेचने में मदद के बहाने पीड़िता से मिलने आने लगा। सितंबर 2023 में वह पीड़िता के घर रुका और शादी का वादा कर उसके साथ अनाचार किया। इसके बाद लंबे समय तक शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान पीड़िता दो बार गर्भवती हुई, लेकिन आरोपी ने गर्भपात करवा दिया। बाद में जब उसे पता चला कि नागेंद्र पहले से शादीशुदा है और बच्चे भी हैं, तो उसने शादी से ही इंकार कर दिया और झारखंड भाग गया। घटना के बाद से आरोपी फरार था। लगातार तलाश के दौरान पुलिस को तकनीकी टीम और मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी रांची में छिपा है। एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एक विशेष टीम रांची भेजी गई। टीम ने आरोपी के घर की घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया और किया अपराध स्वीकार, भेजा गया जेल, इनकी रही भूमिका जशपुर लाकर पूछताछ की। अपराध स्वीकारने और सबूत मिलने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



# तलाक की अफवाहों से पूरी तरह अनजान है आराध्या : अभिषेक

**मुंबई।** बॉलीवुड के चर्चित कपल अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय को लेकर बीते कुछ समय से तरह-तरह की अफवाहें सोशल मीडिया और गॉसिप गलियारों में उड़ रही हैं। खासतौर पर उनके रिश्ते को लेकर तलाक की चर्चाएं लगातार सामने आती रही हैं। अब इन अफवाहों पर खुद अभिषेक बच्चन ने खुलकर बात की है और साथ ही अपनी बेटी आराध्या को लेकर एक अहम खुलासा भी किया है। एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन ने बताया कि उनकी 14 साल की बेटी आराध्या इन तमाम बातों से पूरी तरह अनजान है। अभिषेक के मुताबिक, इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि आराध्या के पास अभी तक अपना कोई पर्सनल मोबाइल फोन नहीं है।

लाइफ Style

# आलिया
## गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड मिला

अभिनेत्री आलिया भट्ट की गिनती मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में होती है। अब आलिया को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। उन्हें गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस को रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आलिया को ट्यूनीशियाई अभिनेत्री हेंड सबरी के साथ एक समारोह में सम्मानित किया गया, जिन्हें उमर शरीफ अवॉर्ड से नवाजा गया। रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का पांचवां संस्करण सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित किया जा रहा है। गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड जीतने पर खुशी जताते हुए आलिया ने कहा कि गोल्डन ग्लोब्स द्वारा सम्मानित होना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं दुनिया भर में फिल्म और टेलीविजन में बदलाव ला रही महत्वाकांक्षी कलाकारों और महिलाओं की नई पीढ़ी की ओर से बोलने का मौका मिलने के लिए आभारी हूं। ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर प्रभावशाली कहानियों को बताने के लिए लोग एकजुट हो रहे हैं, यह सम्मान वाकई काफी महत्वपूर्ण बन जाता है। इस मौके पर गोल्डन ग्लोब्स की अध्यक्ष हेलेन होहेन ने कहा कि हमें आलिया भट्ट को गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवॉर्ड से सम्मानित करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए है। साथ ही वैश्विक मंच पर फिल्म व टेलीविजन के एक गतिशील और प्रभावशाली केंद्र के रूप में मिडिल ईस्ट के लगातार आगे बढ़ने का जश्न मनाता है।



## हॉलीवुड मसाला



# एआई को आर्ट नहीं मानते

**लॉस एंजिल्स।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इन दिनों एक चर्चा का विषय बना हुआ है। एक ओर जहां कई लोग इसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं, तो वहीं कई लोगों का मानना है कि एआई के फायदे के साथ-साथ कई नुकसान भी हैं। अब हॉलीवुड स्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो ने एआई को लेकर अपने विचार साझा किए हैं। उन्होंने कहा कि बेशक यह एक ऐसा टूल है, जो कई चीजों में सुधार ला सकता है। लेकिन इसमें मानवता की पूरी तरह से कमी है। अभिनेता ने कहा कि एआई के जरिए एक नया फिल्ममेकर कुछ अलग और नया कर सकता है।



# जेंडाया-रॉबर्ट के पोस्टर को समझ लिया असल में सगाई

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सेलेब्स जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन की एक तस्वीर हाल ही में सोशल मीडिया पर काफी बज बना रही है। दरअसल, दोनों की नई तस्वीर में जेंडाया के हाथ में रिंग नजर आ रही है और रॉबर्ट उनके काफी करीब नजर आ रहे हैं। दोनों की फोटो को देखकर लोगों को लगा कि दोनों ने सगाई कर ली है। दरअसल, जेंडाया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया, जिसमें वह रॉबर्ट पैटिनसन के बेहद करीब नजर आती हैं। पोस्टर में जेंडाया के हाथ में अंगूठी और पैटिनसन को उनके इतने करीब देखकर फैंस ने इसे दोनों की असल में सगाई समझ लिया। कुछ ही मिनटों में बधाइयों और कयासों की बाढ़ सोशल मीडिया पर आ गई। लेकिन, जल्द ही साफ हो गया कि यह सगाई नहीं, बल्कि उनकी नई फिल्म के किरदारों की झलक थी। बाद में जेंडाया ने फिल्म से जुड़े और भी संकेत साझा किए।



# 12 घंटे से भी कम समय में अमेरिका लौटीं

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा निक जोनस से शादी के बाद अमेरिका में ही रहती हैं। लेकिन, भारत में भी अपने काम और प्रोजेक्ट्स की वजह से वो यहां आती रहती हैं। लेकिन, इस बार एक्ट्रेस सिर्फ 12 घंटों के लिए भारत आईं और वापस अमेरिका लौट गईं। हालांकि, जाते-जाते प्रियंका फिर मिलने का वादा करके गई हैं। प्रियंका चोपड़ा बुधवार को ही सुबह मुंबई पहुंची थीं। इस बार वो मुंबई किसी फिल्म की शूटिंग के लिए नहीं, बल्कि कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शामिल होने के लिए आई थीं। शो की शूटिंग करने के बाद प्रियंका 12 घंटों के अंदर ही वापस अमेरिका अपने घर लौट गईं। गुरुवार तड़के, प्रियंका चोपड़ा ने अपने घर के लिए उड़ान भरी। इस दौरान एयरपोर्ट जाते समय एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक सेल्फी शेयर की।



# करीना-सारा एक फिल्म में कुणाल का बदला रोल

**मुंबई।** रोहित शेट्टी की फिल्म 'गोलमाल 5' को लेकर लंबे समय से चर्चा हो रही थी और अब इस पर बड़ा अपडेट सामने आया है। इसकी कास्ट को लेकर फैंस सवाल कर रहे थे कि इस बार इसमें क्या कुछ नया होगा और जवाब हाजिर है। रोहित शेट्टी ने पुष्टि की है कि उन्होंने करीना कपूर और सारा अली खान से 'गोलमाल 5' में काम करने के लिए संपर्क किया है और कुणाल खेमू फिल्म के क्रिएटिव कंसल्टेंट हैं। इस साल अक्टूबर में किए गए एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर रोहित शेट्टी के रिएक्शन ने सबका ध्यान खींचा है और 'गोलमाल 5' के लिए एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट को 'लाइक' किया, जिसमें लिखा था, 'निर्देशक रोहित शेट्टी अपनी ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी गोलमाल 5 की अगली कड़ी के लिए तैयारियां कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 लगातार टॉप 5 में

**नई दिल्ली।** 48वें हफ्ते की टीआरपी की लिस्ट सामने आ चुकी है। इस बार कई नए सीरियल इस लिस्ट में शामिल हुए हैं। वहीं, हर बार की तरह इस बार भी 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में कड़ी टक्कर देखने को मिली। टीवी सीरियल अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में हर बार की तरह इस बार भी कड़ी टक्कर देखने को मिली। दोनों ही सीरियल लगातार टॉप 5 की लिस्ट में बने हुए हैं। इन दोनों के अलावा कई टीवी सीरियल्स इस बार लिस्ट में शामिल हुए हैं। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' नंबर वन पर है। इस सीरियल को 2.1 की रेटिंग मिली है, जबकि पिछले हफ्ते इसे 2.2 की टीआरपी मिली थी। वहीं 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने दूसरे स्थान पर जगह बनाई है। इस बार सीरियल 'क्योंकि सास...2' को 1.9 की टीआरपी मिली है। इस बार तीसरे नंबर की लिस्ट से 'लाफ्टर शेफ्स...' सीरियल बाहर हो गया है। इसकी जगह नए टीवी सीरियल 'गंगा माई की बेटियां' ने ली है। 48वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में तीसरे स्थान पर 'गंगा माई की बेटियां' को 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है। 'उड़ने की आशा' टीवी सीरियल इस बार भी चौथे नंबर पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है। उड़ने की आशा को इस बार भी 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है, जो पहले के मुकाबले बराबर है। इस बार पांचवें नंबर पर टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' ने अपनी जगह बना ली है। पिछले हफ्ते पांचवें नंबर पर टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' था। 'तुम से तुम तक' को 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है। यानी कि इन सभी टॉप पांच टीवी शोज की लिस्ट में आखिरी नंबर पर 'तुम से तुम तक' रहा।

## गौरव ट्रॉफी लेकर पहुंचे सिद्धिविनायक मंदिर

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के विनर गौरव खन्ना ने ट्रॉफी और भारी नकद पुरस्कार जीता था। उनके साथ ही, एक्टर के पिता ने एक टेलीविजन अभिनेता के रूप में उनके कॅरियर पर गर्व जताया। उन्होंने यह भी बताया कि 'बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट्स ने किस तरह सीमा पार कर दी, जब उनमें से कुछ ने उनके बेटे के कॅरियर और काम पर सवाल उठाए। अब अपनी जीत के बाद गौरव खन्ना अपनी ट्रॉफी लिए मृदुल तिवारी और प्रणित मोरे के साथ सिद्धिविनायक मंदिर बप्पा के दर्शन करने पहुंचे हैं। कई वीडियोज इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं जिनमें गौरव सफेद कपड़े पहने हुए मंदिर के अंदर जा रहे हैं और दर्शन के बाद बाहर भी आए। मृदुल तिवारी ने भी अपनी बड़े भाई समान गौरव की ट्रॉफी को उठाकर खूब नारे लगाए। इससे पहले, गौरव के पिता विनोद खन्ना ने दावा किया कि कुछ लोग आक्रामक थे और गौरव का अपमानजनक तरीके से मजाक उड़ाते थे। उन्होंने कहा, 'जीशान कादरी और अभिषेक बजाज जैसे कंटेस्टेंट्स भी थे, जो बहुत आक्रामक थे।



# गोल्डन ग्लोब इवेंट में सलमान ने इदरीस एल्बा के साथ दिए पोज

**मुंबई।** सुपरस्टार सलमान खान इस साल सऊदी अरब के जेद्दा में होने वाले रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए। वहां गोल्डन ग्लोब डिनर के दौरान भाईजान काले सूट और टाई में बहुत हैंडसम लुक में नजर आए। इस दौरान सलमान और इदरीस एल्बा को एक साथ देखकर फैंस खुश हो गए। इस दौरान सलमान ने हॉलीवुड स्टार्स इदरीस एल्बा, एडगर रामिरेज, ओल्गा कुरिलेंको और दूसरे मेहमानों के साथ फोटो खिंचवाई। हर फोटो में उनके चेहरे पर बड़ी प्यारी मुस्कान नजर आई। सलमान की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं और साथ ही इन तस्वीरों को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर रहे हैं। आलिया भट्ट को इस फेस्टिवल में सम्मान मिला, इस पर सलमान बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा, 'आलिया के लिए ये बहुत बड़ी बात है। सऊदी अरब बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है और अपनी संस्कृति के साथ-साथ हमारी भारतीय प्रतिभा को भी सम्मान दे रहा है, यह बहुत अच्छी बात है। मुझे यहां बहुत अच्छा लगता है, अब मैं अक्सर आता रहता हूं।' फैंस भी सलमान की इन तस्वीरों पर प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'भाई उम्र के साथ और जवान होते जा रहे हैं,' एक और फैन ने लिखा, 'लग रहा है जैसे 2000 का दौर फिर आ गया,' एक और फैन ने लिखा, 'उफ्फ, हमेशा की तरह सबसे हैंडसम।' सलमान इन दिनों अपनी अगली आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की तैयारी कर रहे हैं। यह फिल्म गलवान घाटी में हुए भारत-चीन संघर्ष पर आधारित है। इस फिल्म को अपूर्व लाखिया डायरेक्ट कर रहे हैं।



# साल 2025 में इन स्टार्स ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर छापे सबसे ज्यादा नोट

**नई दिल्ली।** साल 2025 में अक्षय खन्ना, ऋषभ शेट्टी, विक्की कौशल, अक्षय कुमार और मोहनलाल ने अपनी फिल्मों से शानदार कमाई कर बॉक्सऑफिस पर कब्जा जमाया। साल 2025 इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के लिए बेहद रोमांचक रहा। इस साल बॉक्सऑफिस पर सिर्फ बड़े स्टार्स ही नहीं, बल्कि नए और साउथ इंडस्ट्री के एक्टर्स ने भी शानदार परफॉर्मेंस किया हैं। 2025 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले पांच एक्टर्स की लिस्ट में पुराने स्टार्स और नए एक्टर दोनों शामिल हैं।

**अक्षय खन्ना :** सबसे पहले आते हैं अक्षय खन्ना। उन्होंने अपने काम और फिल्मों के चुनाव से दर्शकों का दिल दोबारा जीत लिया है। इस साल उनकी फिल्मों छावा और धुरंधर ने शानदार परफॉर्मेंस दिया है। इन दोनों फिल्मों की कमाई मिलाकर उनकी कुल कमाई करीब 1,000 करोड़ रही, जिससे वे 2025 के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर्स में नंबर एक पर हैं।



**ऋषभ शेट्टी :** दूसरे नंबर पर हैं ऋषभ शेट्टी। उनकी साउथ फिल्म कांतारा: चैप्टर 1 ने तमिल, कन्नड़ और हिंदी ऑडियंस के बीच भी बेहद अच्छा परफॉर्म किया और दुनिया भर में लगभग 850 करोड़ से ज्यादा कमाया। इसी वजह से ऋषभ शेट्टी 2025 के टॉप एक्टर्स में दूसरे नंबर पर हैं।

**विक्की कौशल :** तीसरे नंबर पर हैं विक्की कौशल। छावा जैसी बड़ी फिल्म में विक्की की रोल ऑडियंस को काफी पसंद आई और फिल्म ने शानदार कलेक्शन किया। इस कमाई ने उन्हें 2025 के टॉप3 एक्टर्स में शामिल कर दिया है।

**अक्षय कुमार :** चौथे नंबर पर आते हैं अक्षय कुमार। उन्होंने 2025 में स्काई फोर्स, हाउसफुल 5, जॉली एलएलबी 3 और केसरी चैप्टर 2 जैसी चार फिल्मों में काम किया है। इन फिल्मों की कुल कमाई लगभग 780800 करोड़ रही है। ये दिखाता है कि बड़े नाम होने के बावजूद भी अक्षय कुमार हर साल की तरह इस साल भी अच्छी कमाई करने में सफल रहे है।

**मोहनलाल :** पांचवें नंबर पर मोहनलाल हैं। साउथ इंडस्ट्री में उनका इम्पैक्ट अभी भी कायम है। उनकी तीन एम्पुरान, थुडारम और हृदयपूर्वम फिल्मों ने मिलकर लगभग 500600 करोड़ कमाई की, जो उन्हें इस लिस्ट में शामिल करने के लिए काफी है।

साल 2025 ने यह साबित कर दिया कि सिर्फ बड़े नाम या पुराने स्टार्स का ही बोलबाला नहीं है। अच्छी स्टोरी, दमदार एक्टिंग और क्वालिटी वाली फिल्में दर्शकों का भरोसा जीतकर शानदार कमाई कर सकती हैं। यही वजह है कि इस साल की बॉक्सऑफिस लिस्ट बहुत रोमांचक और डाइवर्स रही है।

## फैमिली एंटरटेनर और एक्साइटिंग मिस्ट्री से सस्पेंस थ्रिलर तक
# आज रिलीज होंगी एक से बढ़कर एक धांसू फिल्में-सीरीज

*नई दिल्ली। ओटीटी लवर्स के लिए ये हफ्ता काफी धमाकेदार होने वाला है। शुक्रवार, 12 दिसंबर को ओटीटी के एक दो नहीं, कई धांसू फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। इस लिस्ट में सस्पेंस थ्रिलर से लेकर फैमिली एंटरटेनर और एक्साइटिंग मिस्ट्री-क्राइम तक की फिल्में और सीरीज आने वाली हैं।*

**एफ1 द मूवी :** इस शुक्रवार को ब्रैड पिट की स्पोर्ट्स फिल्म, एफ1 द मूवी एप्पल टीवी+ पर स्ट्रीम होने वाली हे। इसकी कहानी 1990 के दशक के एक ट्रेंड ड्राइवर के इर्द-गिर्द घूमती है।

**थ्री रोजेज सीजन 2 :** थ्री रोजेज सीजन 2 शुक्रवार यानी 12 दिसंबर से ओटीटी के प्लेटफॉर्म अहा पर देखा जा सकता है। इसकी कहानी मुंबई की तीन सहेलियों की कहानी है, जो एक एड एजेंसी शुरू करती हैं, लेकिन फ्रांस से लौटे एक खतरनाक गैंगस्टर के चंगुल में फंस जाती हैं। इसमें ईशा रेब्बा, राशि सिंह और कुशिता कल्लापु, हर्षा चेमुडु और सत्या अहम रोल में हैं।

**कांथा :** कांथा 2025 में रिलीज हुई एक तमिल पीरियड ड्रामा फिल्म है। कांथा को 12 दिसंबर, शुक्रवार से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जा सकता है। मूवी में दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती लीड रोल में हैं।

**साली मोहब्बत :** साली मोहब्बत फिल्म 12 दिसंबर को जी 5 पर रिलीज हो रही है। इसमें राधिका आप्टे लीड रोल में है तो आप समझ सकते हैं कि ये मूवी कितनी दमदार होने वाली है। ये एक थ्रिलर ड्रामा है।





**टेलर स्विफ्ट: द एराज टूर - द फाइनल शो :** टेलर स्विफ्ट: द एराज टूर - द फाइनल शो एक कॉन्सर्ट फिल्म है, जिसमें 6 पार्ट वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज 'द एंड ऑफ एन एरा' भी शामिल है। इसके सीरीज के पहले दो एपिसोड जियो हॉट स्टार पर 12 दिसंबर को उपलब्ध अवेलेबल होंगे इसके बाद, 26 दिसंबर को रैपअप तक हर हफ्ते दो एपिसोड टेलीकास्ट किए जाएंगे।

**सिटी ऑफ शैडोज :** बार्सिलोना की बैकड्रॉप पर बनी यह स्पेनिश क्राइम थ्रिलर दिल दहला देती है। ये फिल्म 12 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

**सिंगल पापा :** सिंगल पापा नेटफ्लिक्स पर 12 दिसंबर को आ रही है। इसमें एक्टर कुणाल खेमू लीड रोल में हैं। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जो तलाक के बाद जिंदगी को नये ढंग से जीना चाहता है। इसी सोच में वह एक बच्चा गोद लेने का फैसला कर लेता है।

**द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली :** द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली की कहानी कृतिका कामरा के इर्द-गिर्द घूमती है। सीरीज में वो जिम्मेदार और समझदार लेखिका बानी अहमद के रोल में हैं। ये 12 दिसंबर को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। अनुषा रिजवी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कृतिका कामरा, श्रेया धनवंतरी, शीबा चड्ढा और फरीदा जलाल ने अभिनय किया है।

**वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री :** वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री फिल्म 12 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। इसमें जासूस बेनोइट ब्लैंक की कहानी दिखाई गई है, जो न्यूयॉर्क के एक धर्मनिष्ठ धार्मिक समुदाय में करिश्माई पादरी मॉन्सिग्नोर जेफरसन विक्स (जोश ब्रोलिन) की बंद कमरे में हुई हत्या की जांच कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### आज लगेगी नेशनल लोक अदालत

**सारंगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अधीनस्थ न्यायालय से उच्च न्यायालय तक के सभी न्यायालयों में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किए जाएंगे। इस संबंध में न्यायालयों में पंजीकृत प्रकरणों के दोनों पक्षकारों को कोर्ट द्वारा मध्यस्थता की सूचना जारी किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी ली जा सकती है। नेशनल लोक अदालत के संबंध में सबंधित व्यक्ति न्यायालय, राजस्व विभाग के कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार के न्यायालय, समस्त बैंक, पुलिस विभाग, नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत, बीएसएनएल, विद्युत विभाग आदि के पेंडिंग कर और बिल भुगतान कर सकते हैं। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर निराकरण के लिए दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, चेक बाउन्स वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात प्री.लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, मेन्टेनेन्स धारा के प्रकरण, परिवार न्यायालय से संबंधित प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है और उपस्थित पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक समाधान के तहत लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए निराकरण किया जाएगा।

### दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**कटेली।** न्यायालय माननीय अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट सारंगढ़ अमित राठौर के न्यायालय ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। में थाना भटगांव के अपराध जो कि विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत दरअसल आरोपी उमाशंकर उर्फ कुसु पिता सालिकराम यादव निवासी ग्रामगिरवानी थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ स्कूल पढ़ने जा रही 14 वर्ष की नाबालिग को स्कूल छोड़ने की बात कह कर अपनी बाइक में बैठा कर ले गया था और उससे शादी का वादा कर जबरन अनाचार किया। इस तरह कई माह तक आरोपी नाबालिग की अस्मत को लूटता रहा। इस संबंध में बालिका के पिता ने थाने में एफआईआर दर्ज कराया था। जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर भेज दिया था। इस मामले में कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है।

### कलेक्टर से धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग

**कटेली।** जनपद अध्यक्ष ममता ने कलेक्टर से कटेली में धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग की है। सारंगढ़ जनपद क्षेत्र कटेली अंतर्गत स्थित धान उपार्जन केन्द्र में वर्तमान में 890 क्विंटल किसानो से धान खरीदी की लिमिट है जो कि अत्यंत कम है। समिती अनुसार यदि 1500 क्विंटलं प्रति दिवस धान खरीदी न की जाए तो तय समय सीमा में किसानों के सम्पूर्ण धान खरीदी संभव नहीं हो पाएगा। 1500 क्विंटल प्रति दिवस धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग जनपद अध्यक्ष ममता राजीव सिंह ने किया है, जिससे किसानों के सम्पूर्ण धान की खरीदी हो सके एवं धान आवक जो प्रातः 9 बजे से किसानों के धान को मंडी भीतर लाने की अनुमति है उसे भी प्रातः 7 बजे से करने की मांग की गई है, ताकि उचित समय में धान की तौलाई इत्यादि हो सके।

### कोसीर मडाई मेला में राउत नाच की धूम



**कोसीर।** कोसीर मडाई मेला में राउत नाच की धूम मची हुई है। मडाई मेला की रौनक को देख लोगों ने भारी आनंद लिया। आपको बता दें कि कोसीर मडाई मेला का विशेष आकर्षण का केंद्र राउत नाच की मेला स्थल सहित गांव के गली, चौक-चौराहों में धूम मची हुई है।

---

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शहर में जारी करोड़ों रुपए की परियोजनाओं का किया निरीक्षण

# महानगर की तर्ज पर विकसित होता रायगढ़ शहर स्मार्ट सुविधाओं व बड़े प्रोजेक्ट्स से बदल रही तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में मशहूर रायगढ़ शहर अपनी मूल आत्मा और भावनाओं के साथ स्मार्ट सुविधाओं और बड़े प्रॉजेक्ट्स के साथ छत्तीसगढ़ के अन्य महानगर की तर्ज पर शहर विकास की नई गति पकड़ चुका है। महानगर की तर्ज पर सुविधाओं से लैस और योजनाबद्ध शहर बनाने की दिशा में आज शुक्रवार को प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे प्रमुख निर्माण कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। सुबह से कई घंटों तक चला यह दौरा शहर के विभिन्न शहर के हिस्सों में हो रहे विकास के स्तर और प्रगति को परखने पर केंद्रित रहा। राज्य के वित्त मंत्री श्री चौधरी इन दिनों अपने निर्वाचन क्षेत्र रायगढ़ के प्रवास है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर निगम क्षेत्र में कई घंटों तक विभिन्न परियोजनाओं का विस्तृत निरीक्षण किया और अधिकारियों को समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ को महानगर जैसी सुविधाएँ देना हमारी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। बेहतर सड़कें, सुरक्षित जलस्त्रोत, आधुनिक मनोरंजन स्थल और मजबूत शैक्षणिक ढांचा, इन्हीं सबके आधार पर भविष्य का विकसित रायगढ़ निर्मित होगा। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री ने निर्माण की गुणवत्ता को उच्च रखने तथा कार्यों को तेज रफ्तार से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने कहा कि रायगढ़ अब अपनी सांस्कृतिक धरोहर और पहचान की मूल अवधारणाओं के साथ केवल विकसित शहर नहींए बल्कि एक भावी महानगर के रूप में आकार ले रहा है। निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री सबसे पहले ईतवारी बाजार स्थित ऑक्सीजोन पहुंचे। शहर के हृदय स्थल में बन रहा यह हरा.भरा आधुनिक उद्यान नागरिकों को स्वच्छ, शांत और सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा। यहां लोग सुबह शाम सैर, योग और व्यायाम जैसी गतिविधियां सहजता से कर सकेंगे। इसके बाद वे नालंदा परिसर पहुंचेए जहां 40 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण तेजी से जारी है। यह लाइब्रेरी विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए एक शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित की जा रही हैए जिसमें आधुनिक तकनीक और अंतरराष्ट्रीय स्तर की ई.बुक सुविधा उपलब्ध होगी। इसके बाद मंत्री ने रायगढ़ स्टेडियम में बन रहे सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निरीक्षण किया। लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से तैयार हो रहा यह ट्रैक युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराएगा। स्टेडियम से आगे बढ़ते हुए उन्होंने 4.5 करोड़ रुपए से बन रहे स्विमिंग पूल की प्रगति भी देखी, जहां आधुनिक तैराकी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसी क्रम में वे मिट्ठूमुड़ा तालाब के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण कार्य स्थल भी पहुंचे, जहां 3 करोड़ 70 लाख की लागत से तालाब को एक आकर्षक पर्यटन तथा विश्राम स्थल के रूप में बदला जा रहा है। इसके बाद कबीर चौक में तैयार हो रहे 13 करोड़ के दूसरे बड़े ऑक्सीजोन और ऐतिहासिक पहाड़ मंदिर परिसर में प्रस्तावित विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई । उन्होंने पहाड़ मंदिर चढ़कर हनुमान मंदिर का दर्शन कर स्थल निरीक्षण किया। पहाड़ मंदिर परिसर को पर्यटन की दृष्टि से और विकसित करने के प्रयासों पर भी चर्चा की गई। शहर में प्रवेश मार्गों पर स्थित ओवरब्रिजों पर हो रहे भित्तिचित्र एवं कलात्मक पेंटिंग कार्य की गुणवत्ता की भी वित्त मंत्री ने सराहना की। जीवनदायिनी केलो नदी संरक्षण और संवर्धन के साथ होंगे चार बड़े काम, जिससे बदलेगी शहर की सूरत निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ शहर की जीवनदायिनी केलो नदी के संवर्धन और संरक्षण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि नदी के विकास के लिए प्रस्तावित चार बड़े प्रोजेक्ट अब मंजूर हो चुके हैं और जल्द ही शहर में बड़े पैमाने पर जल संरचना का विकास होगा। इनमें 42 करोड़ रुपए की लागत से खर्रा घाट बैराज का निर्माण सबसे महत्वपूर्ण परियोजना है, जो निविदा स्तर पर है। इसके अतिरिक्त पुराने एनीकेट का जीर्णोद्धार 3.50 करोड़, अतरमुड़ा में नया एनीकेट 8 करोड़, तथा नवापाली एनीकेट निर्माण 7.30 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी मिल चुकी है। इन सभी परियोजनाओं के लिए एजेंसी चयन हो चुका है और जल्द ही कार्य प्रारंभ होंगे।

#### नालंदा परिसर बनेगा आधुनिक शिक्षा हब

मरीन ड्राइव में बना नालंदा परिसर न सिर्फ अध्ययन का स्थान होगाए बल्कि ज्ञान आधारित समाज की दिशा में एक बड़ा कदम भी साबित होगा। यहां हजारों किताबों का संग्रह, वैश्विक ई.बुक एक्सेस, चौबीस घंटे हाई स्पीड इंटरनेट, प्रतियोगी परीक्षाओं का संपूर्ण अध्ययन सामग्री, कैरियर गाइडेंस सेमिनार, और बच्चों के लिए अलग किड्स स्टडी जोन उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इस परिसर का भूमिपूजन 3 दिसंबर 2024 को किया गया था।

#### ऑक्सीजोन, धमनी क्षेत्र में विकसित हो रहा शहर का नया हरित क्षेत्र

शहर के मध्य में विकसित हो रहा यह विशाल ऑक्सीजोन आधुनिक सुविधाओं से युक्त हरा.भरा प्राकृतिक स्थान होगा, जो स्वास्थ्य और वातावरण दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इसके साथ ही शहर में लगभग 13 करोड़ की लागत से एक और ऑक्सीजोन का निर्माण भी किया जा रहा हैए जो नागरिकों को हरित और स्वच्छ परिवेश प्रदान करेगा।

#### शहर की छह प्रमुख सड़कें होंगी फोरलेन

रायगढ़ शहर को आधुनिक परिवहन सुविधा देने और ट्रैफिक दबाव कम करने के उद्देश्य से छह महत्वपूर्ण मार्गों को फोरलेन में बदला जाएगा। इनमें ढिमरापुर चौक से पतरापाली जिंदल मार्ग, उर्दना चौक से सर्किट हाउस, रायगढ़ कोतरा नंदेली मार्ग, ढिमरापुर से कोतरा थाना लाइन, टीवी टावर से मेडिकल कॉलेज और रायगढ़ लोईंग, महापल्ली मार्ग शामिल हैं।

#### मरीन ड्राइव को मिलेगा नया आकर्षक रूप

रायगढ़ की पहचान बन चुके मरीन ड्राइव का सौंदर्यीकरण अब और बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। शनि मंदिर से छठ घाट तक लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से सड़क निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य प्रस्तावित हैंए जो पूरा होने पर शहर का यह क्षेत्र और अधिक आकर्षक और सुरक्षित बन जाएगा। निरीक्षण के दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्रीलाल साहू, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, निगम आयुक्त ब्रजेश क्षत्रिय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

### शासकीय महाविद्यालय तमनार में रक्तदान शिविर का आयोजन



**तमनार।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय महाविद्यालय तमनार में रक्तदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को रेडक्रॉस सोसायटी ब्लड बैंक व जिला चिकित्सालय रायगढ़ के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रिंसिपल पीएम दास, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी कमल यशवंत सिन्हा, रेड क्रास सोसायटी द्वारा भारत माता स्वामी विवेकानंद की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। प्रिंसिपल पीएम दाश ने स्वयंसेवक को छात्र-छात्राओं, युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन को बचा सकता है। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर में 24 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी कमल यशवंत सिन्हाएपी एस कंवर समाजशास्त्र अतिथि व्याख्याता, छात्रा अनिशा निषाद के जन्म दिवस के अवसर पर हर वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। रक्तदाताओं को फ्रूट जूस फल स्वल्पाहार एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। रेड क्रॉस सोसायटी ब्लड बैंक जिला अस्पताल रायगढ़ मेडिकल टीम एचडीएफसी बैंक का सराहनीय योगदान रहा।

---

## राउरकेला पहुंची उत्तरांचल की उप निदेशिका कार्यों की समीक्षा कर सुधार के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तरांचल संबलपुर की उप निदेशिका श्रीमती कल्याणी दास ने अपने दो दिवसीय सुंदरगढ़ ज़िला दौरे की शुरुआत शुक्रवार को राउरकेला जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के निरीक्षण से की। कार्यालय पहुंचने पर जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सीमा फातिमा एक्का सहित समस्त कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान उप निदेशिका ने कार्यालय में संचालित विभिन्न नथिपत्रए रजिस्टर और महत्वपूर्ण फाइलों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यों के प्रगति स्तर की जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य समय सीमा के भीतर और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा किया जाए। दौरे के अगले चरण में श्रीमती दास ने बनई स्थित उपखंड सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी द्वारा राउरकेला और बनई कार्यालयों में मौजूद विभिन्न प्रशासनिक व संसाधन संबंधी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। उप निदेशिका ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए समुचित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा उन्होंने महानगर पुस्तकालय में संचालित सूचना केंद्र एवं पाठागार की व्यवस्था का भी प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और उसके संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बनई उपखंड सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी पुष्पांजलि साहू सहित कर्मचारी विनिता कर, बद्रीनाथ राउत, प्रदीप मल्लिक, सीता प्रधान और एडविन तिर्की उपस्थित रहे।

## जन्मजात मोतियाबिंद के 8 बच्चों की आंखों की रोशनी लौटी, परिजनों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ जिले के घरघोड़ा के छोटे गुमड़ा गांव का 8 वर्षीय योगेन्द्र दास महंत जन्मजात मोतियाबिंद की समस्या से जूझ रहा था। आंखों की कमजोर दृष्टि के कारण वह न पढ़ पाता थाए न सामान्य रूप से खेल पाता था। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था और इलाज असंभव लग रहा था। राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चे का चिन्हांकन किया और जिला चिकित्सालय में उसका निःशुल्क ऑपरेशन कराया। ऑपरेशन के बाद योगेन्द्र की आंखों की रोशनी लौट आई। पहला साफ दृश्य देखकर योगेन्द्र खिल उठा और परिवार ने इसे श्जीवन का सबसे बड़ा वरदान बताया। रायगढ़ के जिला चिकित्सालय में गुरुवार को किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय में 35 मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। विशेष रूप से जन्मजात मोतियाबिंद से पीड़ति 8 बच्चों की आंखों की रोशनी वापस लौटना इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि साबित हुई है। दूरस्थ विकासखंड घरघोड़ा के आदिवासी ग्राम छोटे गुमड़ा से आए 8 वर्षीय योगेन्द्र दास महंत सहित अन्य बच्चों का ऑपरेशन जिला चिकित्सालय में नेत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा सफलता पूर्वक किया गया। बच्चों ने पहली बार साफ दिखाई देने पर खुशी जताई और माता-पिता ने भावुक होकर शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के प्रति आभार व्यक्त किया। इन सफलताओं का श्रेय जिला अस्पताल की दक्ष चिकित्सकीय टीम डॉ. मीना पटेल, डॉ. आरएम मेश्राम. डॉ. पीएल पटेल निश्चेतना विशेषज्ञ. डॉ. उषा किरण भगत. सहायक नोडल अधिकारी राजेश आचार्य, निजी चिकित्सालयों के नेत्र रोग विशेषज्ञों, स्वास्थ्यकर्मियों और मितानिनों के अथक प्रयासों को जाता है। उल्लखेनीय है कि जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में कार्यक्रम ने उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। जिला नोडल अधिकारी डॉ. मीना पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा समन्वित प्रयासों के चलते यह अभियान जनहित का सशक्त माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा ग्रामीण, वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में मोतियाबिंद के संभावित मरीजों की लगातार पहचान की जा रही है। चिन्हांकित मरीजों को जिला चिकित्सालय लाकर उनका निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं उपचार किया जा रहा है। स्कूल हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी शासकीय माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर दृष्टि दोष पाए जाने पर निःशुल्क चश्मा वितरण किया जा रहा है।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**सरसीवा।** तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक अजय यादव की दिमागी हालत ठीक नहीं थी वह 6 दिसंबर को अपने घर से निकला था। 10 दिसंबर की सुबह सरसीवा पुलिस को सूचना मिला कि बस्ती के मदरसा डाबरी तालाब में एक युवक का शव तैर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके



बाद शव की शिनाख्ती अजय यादव के रूप में हुई। फिलहाल युवक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

## सीनियर ओएएस अधिकारी से 4 लाख की उगाही करने वाले दो ठग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

ओडिशा में खुद को विजिलेंस अधिकारी बताकर एक वरिष्ठ ओएएस अधिकारी से दो किश्तों में कुल 4 लाख रुपए वसूलने वाले दो ठगों को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मेन्धामाल, बिर्महराजपुर, जिला सुबर्नपुर निवासी गणेश प्रसाद नंदा और उसके रिश्तेदार प्रदीप कुमार पांडा के रूप में हुई है। दोनों ने अधिकारी को झूठे विजिलेंस मामलों में फंसाने की धमकी देकर रकम उगाही थी। जांच में सामने आया कि गणेश नंदा अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल करता था और कॉलर प्व पर खुद को विजिलेंस अधिकारी के रूप में दर्शाता था। दोनों आरोपी सरकारी अधिकारियों को निशाना बनाकर रिश्वत, धन के दुरुपयोग और अनियमितताओं के झूठे आरोप लगाते थे। सर्च और छापेमारी न करने के बदले उनसे राशि वसूलना ही इनका मुख्य तरीका था। हाल ही में ओडिशा विजिलेंस को सूचना मिली कि प्रदेश के कई अधिकारी इन दोनों के निशाने पर हैं और वे विजिलेंस के नाम पर उगाही कर रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद विजिलेंस टीम ने आरोपियों पर निगरानी तेज की। 11 दिसम्बर को ओडिशा विजिलेंस और राउरकेला पुलिस की संयुक्त टीम ने बिर्महराजपुर के मेन्धामाल क्षेत्र से दोनों को धर दबोचा।



#### गंभीर धाराओं में केस दर्ज

गिरफ्तारी के बाद बोनाई थाना में केस नंबर 272,11,12,2025 दर्ज किया गया है। आरोपियों पर धारा 308,2,318,4,319,2, तथा 2005 की धारा 66, ब, क के तहत केस दर्ज हुआ है। विजिलेंस अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करना, धमकी देकर उगाही करना और फर्जी पहचान का इस्तेमाल उनके खिलाफ मुख्य आरोप हैं। दोनों को अदालत में पेश किया जाएगा।

#### जांच जारी, अन्य पीड़ितों की तलाश

विजिलेंस सूत्रों के अनुसार इस गिरोह द्वारा अन्य अधिकारियों से भी उगाही किए जाने की आशंका है। जांच टीम अब ऐसे संभावित पीड़ितों और आरोपियों के नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। मामले की जांच जारी है।

### वित्त मंत्री ओपी ने पुसौर में विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# ग्रामीण अंचलों के विकास को लेकर प्रतिबद्धता से कर रहे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने आज पुसौर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम.गुड़गहन, दर्रामुड़ा, झलमला एवं बड़े हल्दी में 2 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद भी किया और उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार गांव, गरीब, किसानों सहित सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। ग्रामीण अंचलों में जनसुविधाओं के विस्तार हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास के कार्य तेजी से आगे बढ़ाएं जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार गठन के उपरांत 18 लाख आवास निर्माण को स्वीकृति दी गई। इन आवासों का निर्माण पूरी तेजी से करवाया जा रहा है। पीएम आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। सिर्फ ग्राम.गुड़गहन में ही 1 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि आवास के लिए स्वीकृत की गई है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत एक.एक हजार रुपए की राशि महिलाओं के खाते में भेजी जा रही है। जिससे महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने घर.परिवार में भी निर्णय लेने में बराबरी का हक महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए कृषक उन्नति योजना के माध्यम से दो साल का बोनस दिया गया। इसी तरह किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के मान से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा जा रहा है। रामलला दर्शन योजना के माध्यम से बुजुर्गा को अयोध्या धाम के दर्शन कराए जा रहे है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ में निर्माणाधीन नालंदा परिसर प्रदेश का सबसे बड़ा ज्ञान केंद्र होगा, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किए जाए। इसमें समय.सीमा का भी विशेष ध्यान रखें। हमारा उद्देश्य लोगों को जनोपयोगी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करें। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने 6.5 लाख रुपए की लागत से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण किया। इसके बाद गुड़गहन में 1.20 किमी लंबे पहुंच मार्ग एवं नाली निर्माण कार्य का 181.09 लाख रुपए की लागत से भूमिपूजन किया। ग्रामीणों की सुविधा के लिए उन्होंने 10 लाख रुपए लागत के शेड निर्माण की घोषणा भी की।

